ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाज़ार

चर्चा में क्यों?

राजस्थान का पर्यटन विभाग राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये 5 से 7 मई, 2024 तक **जयपुर** में **13वें** ग्रेट इंडियन ट्रैवल बाज़ार (GITB) की मेज़बानी करेगा।

मुख्य बिंदु:

- विभाग **केंद्र के पर्यटन मंत्रालय और** भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ **(The Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry- FICCI)** के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।
- राज्य में **राजस्थान की कला, पर्यटन और इतिहास** पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया जाएगा।
- आयोजन के पहले दिन **'वेड इन इंडिया एक्सपो'** होगा जिसका उद्देश्य **देश-विदेश के पर्यटकों को राजस्थान में शादी करने के लिये प्रोत्साहित करना है।**
- आयोजन के दूसरे और तीसरे दिन **विदेशी टूर ऑपरेटरों** के साथ **बिज़नेस-टू-बिज़नेस बैठकें** आयोजित की जाएंगी। उन्हें पूरे राजस्थान का भ्रमण भी कराया जाएगा।
- **ऑल वेडिंग इंडस्ट्रीज़ फेडरेशन राजस्थान** के महासचिव के मुताबिक, **राजस्थान में प्रत्येक वर्ष 15 से 20 लाख शादियाँ होती हैं।**
- यदि पर्यटन उद्योग और राज्य सरकार मिलकर प्रयास करें तो **राजस्थान को डेस्टिनेशन वेडिंग स्पॉट के रूप में बढ़ावा दिया जा सकता है।** इससे **डेस्टिनेशन वेडिंग में 5-10% की बढ़ोतरी हो सकती है।**
- इससे लाखों लोगों को **रोज़गार के नए अवसर** मिलेंगे। सरकार को भी राजस्व मिलेगा और **होटल व पर्यटन क्षेत्र** से जुड़े लोगों को अच्छा कारोबार मिलेगा।

भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (FICCI)

- FICCI **वर्ष 1927 में स्थापित एक गैर-सरकारी, गैर-लाभकारी संगठन है।**
- यह भारत का सबसे बड़ा व सबसे पुराना शीर्ष व्यापारिक संगठन है, जिसका इतिहास भारत के स्वतंत्रता संग्राम, इसके औद्योगीकरण और सबसे तेज़ी से बढ़ती वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में इसके उद्भव से जुड़ा हुआ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/great-indian-travel-bazaar